सार-समाचार

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया। महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे ने भगवान सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। मंदिर प्रभारी प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे रविवार को मंडपिया पहुंचे एवं भगवान सांवरिया जी सेठ के दर्शन किए। अध्यक्ष शिंदे का मंदिर कार्यालय में मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महा प्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि इससे पहले मध्य प्रदेश के भोपाल जिले की विधानसभा हुजूर के विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी भगवान सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। हुजूर विधायक शर्मा का भी मंदिर परंपरा के अनुसार स्वागत एवं सम्मान किया गया।

चार वर्षों से फरार 15 हजार रुपये का ईनामी गिरफ्तार

बांसवाड़ा । सोने चांदी की दुकान पर बहकाकर जेवरात चुराने के मामले में चार वर्षों से फरार 15 हजार रुपये के ईनामी अपराधी को गढ़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि हरिओम ज्वेलर्स दुकान मालिक शैलेन्द्र कुमार सोनी ने 16 फरवरी 2021 को रिपोर्ट दी कि 15 फरवरी को वह अपनी दुकान पर था कि एक व्यक्ति ठाहक बनकर आया और उसने चांदी की अंगूठी मांगी जिसकी कीमत 325 रुपये थी तो उस व्यक्ति ने 500 रुपये दिये। शेष रात्रि जब प्रार्थी दे रहा था तो ठाहक बने इस युवक ने सोने की बालियां बताने को कहा। इसी दौरान काउंटर पर रखे डिब्बे जिसमें सोने के आईटम दो चेन दो अंगुठियां, सेलर दो जोड़ी, छोटी बालियां, नथे आदि थी बहकाकर लेकर भाग निकला। पुलिस ने अनुसंधान करते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित की। आरोपी की पहचान भैयु उर्फ भैया खान उर्फ वाहिद शाह निवासी जावरा मध्यप्रदेश के रुप में की गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने 15 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया। पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

बोहरा व कटारा सह संयोजक बने

बांसवाडा । भाजपा ने पंचायत राज एवं नगर निकाय पुनर्गठन, सीमांकन एवं पुनर्सृजन के लिये जिला टीम घोषित की है। यह टीम पंचायत राज के सभी वार्डो एवं निकायों के वार्डो का पुनर्गठन, सीमांकन एवं पुनर्सृजन के लिये आवश्यक तैयारी करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी की अनुशंसा पर प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश संयोजक डॉ. वासु चावला ने प्रत्येक जिले में एक संयोजक एवं दो सह संयोजक बनाए है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि जिले में पूर्व राज्य मंत्री धनसिंह रावत को जिला संयोजक तथा निकाय पुनर्गठन के लिये नगर परिषद के पूर्व उप सभापति एवं जिला उपाध्यक्ष महावीर बोहरा व पूर्व प्रधान राजेश कटारा को पंचायत राज पुनर्गठन सीमांकन एवं पुनर्सृजन के लिये सह संयोजक नियुक्त किया है।

मनाया दीक्षांत समारोह

बांसवाडा । विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय बागीदौरा की कक्षा दसवीं के भैयाध्बहिनों का दीक्षांत समारोह मनाया गया। प्रधानाध्यापिका पूनम सोलंकी ने बताया कि विद्यार्थियों को नौगामा स्थित श्री कल्याण धाम ले जाया गया जहां धाम के महंत सूर्यवीर सिंह ने सभी को श्रीफल भेंट कर शुभाशीष दिया। तत्पश्चात सभी को त्रिपुरा सुंदरी व कोठारा परियोजना का अवलोकन करवाया गया। जिसमें कोठारा परियोजना पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। जनजाति शिक्षा समिति राजस्थान के क्षेत्रीय सचिव नारायण लाल गमेती ने भैयाध्बहिनों को नर सेवा नारायण सेवा का मंत्र देते हुए उस अनुरूप श्रम करने के लिये प्रेरित किया। समिति के सहसचिव कल्पेश ठाकुर ने कोठारा परियोजना प्रकल्प के बारे में जानकारी दी।

101 रक्तवीरों ने रक्तदान किया

उदयपुर, । स्व. भवानी शंकर शर्मा व स्वर्गीय रेवती देवी शर्मा की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता डॉ. मनोज शर्मा ने बताया की स्व.भवानी शंकर शर्मा व स्व. रेवती देवी शर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर की गई। शिविर में 101 रक्तवीरों ने रक्तदान किया । इस अवसर पर 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके रविन्द्रपाल सिंह कप्पू, शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड, लालशंकर शर्मा, नारायण शर्मा, किशोर शर्मा, डॉ. अपेक्षा शर्मा, जोनी चौधरी, इन्द्रजी रामिजा, बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अजय आचार्य, सुविवि के पूर्व अध्यक्ष भवानी शंकर बोरीवाल, हिमांशु बागडी, लॉ कॉलेज पूर्व अध्यक्ष गौरव जैन, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव मानव चौधरी, अभिषेक चंदेल, हार्दिक कृपलानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

चुनाव सम्पन्न

उदयपुर, । जिला तीरंदाजी संघ की वार्षिक साधारण सभा संपन्न हुई , जिसमें जिला तीरंदाजी संघ उदयपुर के अगले चार वर्षों के लिए चुनाव संपन्न हुए । निर्वाचन अधिकारी गोपाल साहू ने बताया कि वार्षिक साधारण सभा में राजस्थान राज्य तीरंदाजी संघ के महासचिव एवं पर्यवेक्षक सुरेंद्र सिंह गुर्जर , उदयपुर जिला ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक, संघ के अध्यक्ष विनोद साहू, जिला क्रीडा परिषद के पर्यवेक्षक नरपत सिंह चुंडावत की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुए जिसमें जिला तीरंदाजी संघ उदयपुर के अध्यक्ष पद पर ललित सिंह सिसोदिया , सचिव पद पर गिरधारी सिंह चौहान एवं कोषाध्यक्ष पद पर मुदित साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए द्य वही उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण गोपाल मुंदडा , विपिन मारवाडी , यशवंत माथुर एवं संयुक्त सचिव पद पर संजीव सिंह भाटी , ईश्वर लाल मीणा , युगल किशोर मेहता चुने गए द्य कार्यकारिणी सदस्य पद पर प्रदीप मेहता राधेश्याम सुथार, , डॉ भूपेंद्र सिंह , संतोष कुमार , प्रभु लाल अहारी एवं गोविंद सिंह निर्विरोध चुने गए। निर्वाचन पश्चात, निर्वाचन अधिकारी गोपाल साहू ने सभी पदाधिकारीयो को शपथ दिलवा कर, चुनाव प्रमाण पत्र प्रदान किए। जिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक पद पर गुलाब सिंह चौहान को मनोनीत किया।

नकदी से भरा बैग चोरी

उदयपुर, । टीडी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ फाईनेन्सकर्मी का नकदी से भरा बैग चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित आरिफ पुत्र नसरूद्दीन निवासी गोपली टोक हॉल भारत फाईनेन्स कर्मी ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 20 फरवरी को मैं कंपनी की उगाही कर सरू गांव की तरफ आया था। रवान होते समय बीच रास्ते में बाइक खड़ी कर उपर नकदी से भरा बैग रख कर पैशाब करने गया। वापस आया तो बैग गायब था। जिसमें 52 हजार 459 रूपये नकदी थी। इस पर तलाश कर पड़ताल की लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

चोखरा गामडी के पंचों की बैठक हुई

बांसवाडा । लेउवा पाटीदार समाज जागृति मंडल जिला शाखा की कार्यकारिणी के सदस्यों तथा चोखरा प्रतिनिधियों, चोखरा गामडी के पंचों की बैठक हुई। जिसमें पाटीदार समाज में सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, कृषि और महिला सशक्तिकरण व विकास की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के लिए कमेटी का गठन किया। जिसमें चोखला दशहरा गामडी के गामडी, वाका, घलकिया, कुशलपुरा और तलवाडा के 25 प्रतिनिधियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया जिनकी देखरेख में समाज के विकास की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर भेमजी भाई पाटीदार कुशलपुरा की सेवानिवृत्ति पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक में जागृति मंडल के सचिव रमणलाल पाटीदार गामडी, रुपजी भाई तलवाडा, गमीरचंद घलकिया ,भेमजी भाई, रणछोड पाटीदार वाका और पंच मौजूद रहे।

श्री सुभुषणमती माताजी (ससंघ) का मुस्कान वात्सल्य धाम में हुआ भव्य स्वागत

डूंगरपुर। बलवाडा स्थित मुस्कान वात्सल्य धाम में चर्या शिरोमणि गणिनी आर्यिका श्री सुभुषणमती माताजी (ससंघ) का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। भारत गौरव सेवा आचार्य भरत नागदा ने बताया कि मंगल प्रवेश में कई ढोलो के साथ नाचते गाते सैकड़ों नन्हे नन्हे बच्चे माताजी के चरणों में पुष्प वृष्टि करके पलक पावड़े बिछा रहे थे, वात्सल्य धाम में माताजी का पाद प्रक्षालन किया गया एवं आरती उतारकर सबने आशीर्वाद लिया। संस्थान में निवासरत नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा ण्मोकार मंत्र का जाप कर माताजी का आदर सत्कार किया गया। प्रात: आर्यिका संग की आहारचर्या करवाई गई इस अवसर पर जैन समाज के समाजसेवी एवं मुस्कान संस्थान के सभी सेवाधारी उपस्थित थे।

अधिकारों से पहले भारतीय संस्कारों समझें और पालन करें: स्वांत रंजन

■ चिकित्सा सेवा है, व्यवसाय नहीं : राज्यपाल कटारिया

उदयपुर, । आचार्य विष्णु ने कहा था कि लक्ष्य बड़ा हो, उसके लिए मेहनत भी बड़ी हो, हृदय मृदु हो और वाणी में माधुर्य हो। इसी बात को दोहराते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने का कि संघ समाज को संस्कारित करने, उसे दिशा देने और श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करने के लिए सतत प्रयासरत है। संघ की विचारधारा और राष्ट्र के प्रति इसकी प्रतिबद्धता आने वाले वर्षों में और भी अधिक प्रभावी होगी, जिससे संपूर्ण समाज सशक्त और संगठित बन सकेगा।

वे रविवार को यहां आरएनटी मेडिकल कॉलेज के घटना हॉल में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के 44वें राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने संघ की 1925 से शुरू हुई यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि डॉक्टर हेडगेवार जी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक विचारधारा को लेकर की गई, जिसमें यह भाव निहित था कि भारत एक प्राचीन राष्ट्र है, हिंदू राष्ट्र है और हम सभी भारतमाता की संतान हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य समाज को जागरूक करना और उसकी गतिविधियों से अवगत कराना है। संघ की विचारधारा केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक 'मिट्टी का विचार' है, जो राष्ट्र की भावना से ओतप्रोत है। स्वतंत्रता के पश्चात गांधी जी की हत्या के कारण संघ को अनावश्यक दोषी ठहराया गया, जबकि संघ सदैव राष्ट्रहित में समर्पित रहा है।

संघ का मानना है कि परिवार शिक्षित हो, संस्कारित हो, तभी समाज भी संस्कारित बन सकेगा। हमारा परिवार केवल एक इकाई नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का आधार है। आज के समय में पर्यावरण संरक्षण भी समाज की एक महत्वपूर्ण जि्म्मेदारी बन चुकी है। प्लास्टिक का उपयोग कम करना और पर्यावरण को संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारा धर्म और हमारी परंपराएं हमें आत्मबोध कराती हैं। इसी के साथ, एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए नागरिकों का अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। कानून को तोड़ना फैशन नहीं होना चाहिए, बल्कि कानून का पालन करना हमारा स्वाभिमान बनना चाहिए।

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि औरों के लिए जीना ही वास्तव में जीना है। यही भाव एनएमओ के कार्यकर्ताओं ने चरितार्थ करने का प्रयास किया है। चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि एक महान कर्म है। भगवान के बाद यदि किसी को सबसे अधिक सम्मान प्राप्त होता है, तो वह ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों को मिलता है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंतर्गत एनएमओ का कार्य प्रारंभ हुआ, तब समाज में सेवा कार्यों की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से, एनएमओ ने आदिवासी और सुदूर क्षेत्रों में सेवा के कार्य प्रारंभ किए। दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बीमारी से बचाने के लिए पहले से ही प्रयास करना एक सार्थक पहल है। उदयपुर मेडिकल कॉलेज संपूर्ण देश के मेडिकल कॉलेजों के लिए एक प्रेरणा का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को केवल पैसों की दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय सेवा की भावना से उपचार करना चाहिए। चिकित्सा एक सेवा का माध्यम है और इसे उसी उद्देश्य से अपनाना चाहिए। वे स्वयं एनएमओ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ एक सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं और आज भी उनके साथ एक कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित हैं। महामारी के दौरान जिस तरह से एनएमओ के सदस्यों ने सेवा कार्य किया, वह अनुकरणीय है।

उन्होंने कहा कि सौहार्दपूर्ण व्यवहार और प्रेम से किया गया उपचार आधे रोग को पहले ही समाप्त कर देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। उन्होंने हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य रखा और उसे पूरा भी किया। जब उन्होंने यह अभियान शुरू किया, तब देश में केवल 40,000 डॉक्टर थे, लेकिन आज 1,20,000 डॉक्टर उपलब्ध हैं। यह भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने प्रधानमंत्री की 'आयुष्मान भारत' योजना ने देश के गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई है। इस सेवा के माध्यम से संपूर्ण देश की सेवा का संकल्प लिया जाना चाहिए। हमें मरीजों का उपचार केवल एक पेशे के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की भावना के साथ करना चाहिए। उन्होंने आ ान किया कि स्वास्थ्य सेवा के इस पवित्र कार्य को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार कर सके।

कॉन्फ्रेंस के चेयरपर्सन डॉ राजेश मलिक एवं सचिव नरेंद्र जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख व एनएमओ के पालक रमेश पप्पा, एनएमओ के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. सी. बी. त्रिपाठी, एनएमओ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री डॉ. पुनीत अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव डॉ. अश्विनी टंडन, कॉन्फ्रेंस के चेयरपर्सन डॉ राजेश मलिक, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष डॉ रामस्वरूप मालव भी मंचासीन अतिथि थे। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन, चित्तौड़ प्रांत के प्रांत प्रचारक मुरलीधर सह प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र जी विधायक ताराचंद जैन हरीश राजानी हेमेंद्र श्रीमाली विभाग प्रचारक धनराज , को-चैयरमैन डॉ. राहुल जैन, आर्गेनाइजिंग सेकेट्री डॉ. नरेंद्र जोशी, डॉ. देवेन्द्र सरीन, डॉ गिरीश शर्मा, डॉ. रमेश अग्रवाल, डॉ. धनंजय अग्रवाल, डॉ. डीके शर्मा, प्राचार्य डॉ. विपिन माथुर, अधीक्षक आर एल सुमन, उपस्थित थे।।

17 को सिद्धि विनायक में मनायेंगे फागोत्सव

बांसवाडा । शहर के श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर में 17 मार्च को फागोत्सव मनाया जाएगा जिसमें होली के भक्ति गीतों की धूम रहेगी। श्री गणेश भक्त मण्डल के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि 17 मार्च को मंदिर परिसर में रंग, अबीर, गुलाल के साथ राधा कृष्ण के भंजनों की भक्ति सरिता बहेगी। नागर मण्डल सांय 7.30 बजे भगवान को रंग लगाने के साथ भक्ति सरिता का श्रीगणेश किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागर मण्डल के कमल नागर, गजेन्द पण्ड्या, महेश्वर नागर, मुकुन्द नागर, सुरेश पंड्या आदि भजन गायकों के साथ महिला कलाकारों की भी प्रस्तुति रहेगी।

मेडिकल स्टोरों की अनियमितता से परेशानी

बांसवाडा । अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला शाखा ने राज्य कर्मचारियों को अपने वेतन से प्रतिमाह आरजीएचएस की राशि कटौती के बाद भी आरजीएचएस हॉस्पिटल में इलाज और मेडिकल स्टोरों से मिलने वाली आरजीएचएस दवाइयों में अनियमितता से परेशान होकर दर दर भटकते रहने पर रोष जताया। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत भावसार ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए राज्य कर्मचारी और पेंशनरों को आरजीएचएस के तहत मिलने वाली अस्पतालो की सुविधाओं और मेडिकल स्टोर से मिलने वाली दवाइयां प्राप्त करने में अनियमितता पर आपत्ति दर्ज कराते हुए आरजीएचएस में प्राप्त सुविधाओं को नियमित रूप से दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि आरजीएचएस में निर्धारित हॉस्पिटलों में मनमानी के कारण जिले में समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। साथ ही रविवार एवं अवकाश पर इलाज के लिए राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को सुविधा नहीं दी जाती है। साथ ही मेडिकल स्टोर पर आईडी जनरेट नहीं करने, दवाइयों के बिल नहीं देने, दवाई देने के नाम पर दो-तीन घंटे बाद दवाइयां उपलब्ध कराने, आरजीएचएस से उपलब्ध दवाइयां मेडिकल स्टोर पर नहीं होने पर शेष दवाइयां को उन्हीं मेडिकल स्टोर से नगद में दवाई खरीदने पर बाध्य करने तथा आरजीएचएस की दवाइयां नहीं देने से राज्य कर्मचारी व पेंशनर परेशान है। अस्पताल और मेडिकल स्टोर राज्य सरकार द्वारा समय पर भुगतान नहीं करने की बात कर डबल इंजन की राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री को दोषी ठहराते हुए बदनाम करने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिशा में सरकार को संवेदनशीलता से निर्णय लेना होगा। ज्ञापन में आरजीएचएस सुविधाओं को तत्काल एवं समय पर उपलब्ध कराने तथा आरजीएचस से अनुबंध मेडिकल स्टोरों

800 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान

■ कांग्रेस राज में रिस-रिस कर योजनाएं पहुंचती थी हम एक-एक लाभार्थी को तलाशेंगे : मन्नालाल

बांसवाडा । कांग्रेस राज में योजनाएं बनती थी लेकिन वे लाभार्थी तक रिस-रिस की पहुंचती थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी के शासन में व्यवस्थाएं बदली गयी है और अब एक-एक योजना का लाभ लाभार्थी को तलाश-तलाश कर दिया जायेगा। उक्त दावा उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने पत्रकार वार्ता में किया।

रावत ने बताया कि धरती आंबा जनजाति उत्कृष्ट ग्राम योजना के तहत 80 हजार करोड के बजट का प्रावधान किया गया है। भारत सरकार के 17 मंत्रालय इस बजट से जनजाति क्षेत्रों का उत्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की नीति है कि जो देना है वो दे दो। उन्होंने बजट को भी ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यह अमृतकाल के खंड की नीव है। उन्होंने राज्य सरकार के बजट को सराहते हुए कहा कि यह केन्द्र सरकार की नीतियों के अनुरुप ही है और इससे विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये मजबूत आधार मिला है। रावत ने स्थानीय स्तर पर लोगों को खास करके युवाओं को भडकाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भटके हुए और भ्रम में आये युवा आत्मदाह की स्थिति में आ गये हैं। अयोध्या में राम मंदिर बना है तब से अंतर्राष्टकीय ताकतें सनातन पर प्रहार करने का कर रही है काम उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से दिल्ली में आपदा के साथ कांग्रेस खत्म हुई है वही स्थिति कांग्रेस की राजस्थान में भी होने वाली है। उन्होंने कहा कि गुमराह हुए युवा आक्रामक रुप में सामने आ रहे हैं और तो और युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

कृपलानी की वरिष्ठ नेताओं ने कि आगवानी

बांसवाडा । भाजपा नेता पूर्व मंत्री एवं निंबाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ नेताओ से चर्चा कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता कृपलानी का भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री भवानी जोशी व धनसिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवतपुरी, जिला उपाध्यक्ष महावीर बोहरा, जिला महामंत्री नरेंद्र वैष्णव, मुकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी संजय पंड्या, पूर्व जिला प्रवक्ता गौरव सिंह राव, नानूलाल पंचाल, दिनेश गहलोत आदि मौजूद रहे।

साधारण सभा की बैठक में 60 करोड़ का हुआ बजट पारित

■ नगरपालिका मण्डल देवगढ़ की साधारण सभा की बैठक

देवगढ़, (निसं)। नगरपालिका मण्डल देवगढ़ की साधारण सभा की बैठक पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक हरी सिंह रावत मौजूद रहे।नगरपालिका अध्यक्ष रेगर ने बैठक की शुरुआत करते हुए अधिशासी अधिकारी विजेश मंत्री ने वर्ष 2025-26 के लिए 60 करोड़ का बजट सदन में पेश किया। जिस पर पार्षद हंसराज कंसारा ने पिछले बजट व्यय का विवरण मांगा।

एजेंडे के अनुसार सुभाषनगर आवासीय योजना में ड्रेनेज सिस्टम या नाला-नाली निर्माण कार्य एवं फैज में समतलीकरण पर चेयरमैन ने कहा कि सुभाष नगर में लेवल रूप रेखा बनाई जाएगी। पार्षद नारायण सिंह सोलंकी ने खादी भंडार के पीछे 50 लाख रुपए में मंगरी के समतलीकरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा मिट्टी एवं पत्थर ले जाए गए जिससे पालिका को आर्थिक नुकसान हुआ है।पार्षद राजेश मेवाड़ा ने कहा कि ठेकेदार द्वारा पालिका क्षेत्र के कार्यों का मेटेरियल ठाम पंचायत में लगाया जा रहा है जिसको लेकर बात कही ओर साथ सारी सामठी पालिका के स्टोर में जमा होनी चाहिए। पार्षद कंसारा ने कहा कि पालिका का लाखों रुपए का पुराना सामान चोरी किया जा रहा है जिसमें लोहे की जालियां आदि हैं।

पार्षद कंसारा एवं मेवाड़ा ने रावण दहन के मामले को उठाया। सोलंकी ने पार्षदों द्वारा कोई भी पत्र दिया जाता है तो उस पर कार्यवाही होनी चाहिए। पार्षद नरेश पानेरी ने भी स्टोर के मामले में सत्यापन की जांच करने की मांग की ओर सत्यापन कब तक होगा इसकी बात कही। उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने सुभाष नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग एवं सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की मांग की। लसानी चौराहे पर सर्कल बनाने एवं रात्रि में अंधेरे को लेकर हाई मास्क लाईट लगाने एवं लसानी चौराहे पर आधुनिक शौचालय बनाने का प्रस्ताव रखा।सुभाष नगर में ब्लॉक 2 में जितना भी अतिक्रमण है उसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए और वहां नगर पालिका द्वारा 2002 और 2008 में जो प्लॉट के लिए आवेदन किया था उन्हें वहां प्लॉट दिए जाएं हाईफां हीरो मेजर दलपत सिंह जी देवली के नाम का एक सर्कल बनाया जाए अनुज्ञा प्रमाण पत्र को पट्टे में दिया जाए क्यूँ की बैंक इसे पटा नहीं मानतीं है। सुभाष नगर में ब्लाक ए का पानी हंसराज कँसारा की फैक्ट्री के पास से निकाला जाए ब्लॉक 2 का पानी कॉलेज के पास होते हुए बड़े बाग के सामने से जसवंत सागर में डाला जाए सुभाष नगर में से जो हाई टेंशन लाइन 33 .. को हटाया जाए फौजी कोटे में जिनकी फाइल लगी हुई है भंवरी देवी पत्नी राधेश्याम सिंह पंवार को प्लॉट दिया जाए क्यूँ की अन्य समस्त फौजी भाइयों को प्लॉट दे दिए गए हैं पर इन्हें अभी तक नहीं दिया गया हे।

पूर्व बोर्ड में निर्णय लिया गया कि किसी के माता पिता की एक्सीडेंट में डेथ हो जाती हे तो सहायतार्थ दिया जाए, इसके लिए सबसे पहले गोटू बना और उसकी पत्नी की मृत्यु हुई चेक बनाया गया नगर पालिका द्वारा परंतु अभी तक उन्हें नहीं दिया गया हे अत: तुरंत प्रभाव से उन्हें दिए जाए अध्यक्ष ने क्रय विक्रय समिति के पीछे शहर कोर्ट के पीछे जो आरक्षित भूमि पडी हे जहा लोगों द्वारा खाँचा भूमि का आवेदन किया गया हे उन्हें खाचा भूमि दी जाए ,उस पर सदन ने सर्व समिति से देने का निर्णय लिया गया !सभी पार्षदों द्वारा अपने अपने वार्डो के काम को रखा उस पर सभी ने सहमती देते हुए जल्द से जल्द सारे कार्य समय पर कराए जाए निर्णय लिया गया।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि रोडवेज बस स्टेंड पर सुलभ कॉम्पलेक्स के पीछे ट्रैवल्स बसों के केबिनों की व्यवस्था की जा रही जिससे बस स्टेंड के प्रवेश द्वार पर लगाए गए केबिनों को हटाया जाएगा। वही वार्ड एक में वनविभाग के रेंज कार्यालय से कामली तक सड़क बनाने एवं उसी वार्ड में बने पुराने माल गोदाम को हटाकर सामुदायिक भवन बनाने का प्रस्ताव लिया। वही सभी पार्षदों ने बंद पड़ी सभी पनघट को चालू करवाने की बात कही। शास्त्रीनगर आवासीय योजना मे डाक बंगले के बाहर वाणिज्यिक योजना में संशोधन के मामले को सदन में खारिज किया गया। ढार का चौडा मेला ठाउण्ड रोड फुड कॉर्नर पर डोम निर्माण को खारिज किया गया। शास्त्रीनगर आमेट रोड शमशान के पास पालिका स्वामित्व की भूमि पर सामुदायिक भवन एवं विकास कार्य पर चर्चा हुई। साथ ही सभी पार्षदों से विकास कार्यों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

सार-समाचार

रुपारेल स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी

बांसवाडा । राउमावि रूपारेल में मेगा पीटीएम, स्कूल से विगत माह समायोजन से स्थानान्तरित शिक्षकों का विदाई कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान गणित चार्ट मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत दिलीप कुमार प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथि सीबीईओ रेखा रोत ने दसवी, आठवी व पांचवी बोर्ड के विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर मेहनत करने एवं मात्रात्मक-गुणात्मक परिणाम अर्जित करने के लिए प्रेरित करते हुए सफलता के टिप्स दिये। अध्यक्षीय उद्बोधन में छापरिया पीईईओ गुल्फराज खान पठान ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर सौ प्रतिशत मेहनत करने के लिये प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व एचएम प्रकाशचन्द्र पारगी ने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और जुनून से आगे बढने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक अजीम अहमद व प्रकाश चन्द्र मईडा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रभारी दिलीप कुमार प्रजापति ने मेगा पीटीएम में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान आंकलन-1 में बच्चों की प्रगति की समीक्षा की वहीं वंचित विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए पर अभिभावकों को जानकारी दी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों ने विज्ञान गणित के सामाजिक जागरूकता, मानव शरीर के विभिन्न आंतरिक अंगों की क्रियाविधि, चुम्बकत्व , विद्युत परिपथ, कोशिका, पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र , प्रकाश संश्लेषण, विज्ञान गणित के चार्ट मॉडल, पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। जिसका अतिथियों ने अवलोकन करते हुए बच्चों से संबधित विषय पर प्रश्नोत्तरी भी की। संचालन फूलचन्द डामोर ने किया जबकि आभार दिलीप कुमार प्रजापति ने माना। इस अवसर पर नगेंद्र कटारा, मुकेश चन्द्र मीणा, निलेश कुमार डामोर, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष देवजी भाई मईडा एवं अभिभावक मौजूद रहे।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर नकदी हडपी

उदयपुर, ।शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने आरोपी व अन्य के खिलाफ नौकरी दिलाने का झांसा देकर नकदी हडपने वाले आरोपी व साथी खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सुनिल कुमार पुत्र सत्यनारायण मंडोवरा निवासी समतानगर हिरणमगरी ने आरोपी रूपनारायण गुर्जर पुत्र लालूराम गुर्जर व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी की पुत्री मेरे मकानमें किराए पर रहती थी। जिसके चलते संपर्क हो गया इस दौरान आरोपी ने अपनी सचिवालय में अच्छी पहचान होने की बात कही तथा संविदा पर नौकरी दिलाने की बात कही। इसके लिए आरोपी ने मुझसे 5 लाख रूपये वर्ष 2023 में लिए। कुछ समय बाद आरोपी मुझे जयपुर ले गया तथा जल्द ही आर्डर आने की बात कहते हुए लेकर चला आया। उसके बाद से आद दिन तक न तो आर्डर आया न आरोपी ने नकदी लौटाई। इसको लेकर रूपये की मांग करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई जोरावरसिंह कर रहे है।

सामूहिक गंगोद्यापन संपन्न

डूंगरपुर। साद समाज डूंगरपुर का दो दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान और गंगोद्यापन कार्यक्रम विधि विधान से रविवार को संपन्न हुआ। इसके तहत प्रथम दिवस शनिवार को 25 जजमानों द्वारा कुंड पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कुंड के जजमान साद समाज चौखला डूंगरपुर के अध्यक्ष कांतिलाल साद घुघरा रहें। इसके अलावा वालचंद साद भाटपुर, ईश्वरलाल साद राजपुर, गटूलाल पादेड़ी, लक्ष्मणलाल घुघरा, वालमजी, शंकरलाल